# डॉ. गोयल नेशनल ओरेशन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित

■ कोलकाता में आयोजित एपीकॉन 2025 में मिला सम्मान

**उदयपुर**, (कासं)। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया की ओर से कोलकाता में आयोजित 80वें वार्षिक सम्मेलन ऐपीकॉन 2025 में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.वी.के.गोयल को उत्कृष्ट योगदान और चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए नेशनल ओरशन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम ऐपीकॉन 2025 में डॉ.गोयल ने रुमिनेशन सिंड्रोम विषय पर गेस्ट लेक्चर भी दिया। इस व्याख्यान में उन्होंने दुर्लभ लेकिन महत्वपूर्ण समस्या पर प्रकाश डाला, जो अक्सर गलतफहमी का शिकार होती है। रुमिनेशन सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है जिसमें खाने के बाद व्यक्ति के पेट में भोजन वापस मुंह में आ जाता है, लेकिन यह प्रक्रिया उल्टी जैसी नहीं होती। डॉ.गोयल ने इस समस्या के लक्षण, कारण और उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी का निदान और उपचार समय पर होना कितना महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने इस सिंड्रोम को समझने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

नेशनल ओरेशन अवॉर्ड देश के चिकित्सा क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है, और यह सम्मान पाना किसी भी चिकित्सक के लिए गौरव का विषय है।

एपीकॉन 2025 में देश-विदेश के अनेक चिकित्सा विशेषज्ञ और प्रतिष्ठित चिकित्सक शामिल हुए थे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। गौरतलब है कि डॉ.गोयल विभिन्न विषयों पर देश विदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पत्र वाचन कर चुके है।

# कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**उदयपुर**, (कासं)। खेरोदा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खेरोदा थाना क्षेत्र भमरासिया घाटी रोड़ पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक सिहाड़ निवासी नारायणलाल (50) पुत्र रोडाजी मीणा गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

नारायण खेरोदा पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। घटना वाले दिन दोपहर में नौकरी से बाइक पर घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

# घायल युवती की उपचार के दौरान मौत

**उदयपुर**, (कासं)। पानरवा थानाक्षैत्र में आरोपी द्वारा मारपीट करने से घायल युवती की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गईं। सूचना मिलने पर आए परिजनों ने चढ़ोतरा कर दिया। जहां मौताणा तय होने पर मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को पानरवा निवासी राजु ने भैसाणा थाना पानरवा निवासी शान्ता उर्फ शंता पुत्री नका के सिर पर लठ्ठ से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गई थी।




SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001
ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री गणपत दास वैष्णव पुत्र श्री भंवर लाल वैष्णव** पर मांग सूचना **दिनांक 19.09.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक **18.09.2024 को बकाया राशि रू. 1,98,334.96 ( रूपये एक लाख अठानवे हजार तीन सौ चौंतीस एवं पैसे छियानवे मात्र ) ( दिनांक 18.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 21, माह जनवरी, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक **18.09.2024 को बकाया राशि रू. 1,98,334.96 ( रूपये एक लाख अठानवे हजार तीन सौ चौंतीस एवं पैसे छियानवे मात्र ) ( दिनांक 18.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री गणपत दास वैष्णव पुत्र श्री भंवर लाल वैष्णव के नाम साम्यिक बंधक फ्लैट नं. एल-36-जीएफ-01, किफायती आवास योजना के तहत मेगा आवास योजना, धोली मगरी, बेड़वास, उदयपुर, राजस्थान-313001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 500.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: फ्लैट नं. जीएफ-02, दक्षिण: रोड़, पूर्व: फ्लैट नं. जीएफ-04, पश्चिम: अन्य भवन

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 21.01.2025

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

# हादसे में युवक की मौत, साथी युवक घायल

**उदयपुर**, (कासं)। गोगुन्दा थाना क्षैत्र में ट्रेक्टर ने सडक किनारे बातचत कर रहे दो युवकों को चपेट में युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसर शनिवार दोपहर में गोगुन्दा थानाक्षैत्र दूलावतों का गुडा रोड़ पर शनिवार दोपहर में ट्रेक्टर ने सड़क किनारे बातचीत कर रहे युवक सामलाई पानरवा थाना बावलवाड़ा निवासी राहुल तथा देवेन्द्रसिंह पुत्र रामसिंह राजपूत निवासी बड़ून्दिया गोगुन्दा को चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल होने पर उन्हें उपचार के लिए गोगुन्दा चिकित्सालय पहुंचाया।

## सीएम का स्वागत बना चर्चा

**उदयपुर**, (कासं)। भाजपा नेता नानालाल वया का सीएम भजन लाल शर्मा ने स्वागत करते वक्त सम्मान रखा। डबोक एयरपोर्ट पर जब सीएम पहुँचे तो स्वागत के लिए कार्यकर्ता थे। सभी ने माला, पाग, साफे पहनाये। जब नानालाल वया ने कहा तो सीएम ने कहा आप पहनाते जाओ,इस पर वया ने एक के ऊपर एक सात पाग और उपरने पहनाये यह चर्चा का विषय बना।

# के.के. गुप्ता ने स्वच्छता आमुखीकरण कार्यशाला की बैठक ली

**ब्यावर**, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता द्वारा शनिवार प्रात: जिला कलेक्ट्री मीटिंग हॉल ब्यावर में स्वच्छता आमुखीकरण कार्यशाला की बैठक ली गई। बैठक में जिला ब्यावर प्रशासन के अधिकारी सहित जिले की नगर निकाय के अधिकारी और समस्त पंचायत समिति के विकास अधिकारी एवं पंचायत से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन अभियान प्रारंभ किया गया था उस समय देश के लोगों ने इसके महत्व को नहीं समझा था लेकिन इस अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के पश्चात आज हम स्वच्छता अभियान से हुए लाभ और हमारे जीवन में हुए परिवर्तन को अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विकसित राजस्थान का संकल्प लिया गया है जो अवश्य ही पूरा होगा इसके साथ ही उनके स्वच्छ राजस्थान संकल्प को हम सभी और अधिकारियों को मिलकर पूरा करना है। हमें हमारा गांव, शहर और जिला तथा राज्य को स्वच्छ बनाने के लिए संकल्पित होकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बात कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का आव्हान किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री के आवाहन पर देशवासियों ने बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण अभियान में भागीदारी निभाई। जिस किसी व्यक्ति की मां इस दुनिया में नहीं है उसे अवश्य ही अपनी मां के नाम वृक्षारोपण करना चाहिए वहीं शमशान घाट के अंदर भी वृक्ष लगाना चाहिए।

गुप्ता ने कहा कि ब्यावर जिले की समस्त 5 पंचायत समितियां में से एक-एक ग्राम पंचायत को रोल मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में चयनित किया गया था। इन ठााम पंचायत में बायोगैस प्लांट लगाने, गिला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने, हर घर में प्लास्टिक घर बनाना इसमें प्लास्टिक को संठाहण करना,खाली पड़े प्लॉटों को गंदगी से मुक्त करना,बड़े क्षेत्र में जहां पर ज्यादा दुकान हो वहां रात्रि कालीन सफाई करवाना तथा जिस घर में चार जानवर हो उसमें बायोगैस प्लांट लगाना सहित स्वच्छ भारत मिशन के निर्धारित मापदंड अनुसार कार्य किए जाए।

## पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा का आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के पीएच.डी. शोधार्थियों के कोर्स वर्क की परीक्षा शनिवार को प्रतापनगर परिसर में आयोजित की गई।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने बताया कि तीन पारियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। पहला पेपर रिसर्च मेथोलॉजी, दूसरा कम्प्यूटर अवेरनेश व तीसरा रिसर्च एंड पब्लिकेशन ईथिक्स का हुआ। परीक्षा केन्द्रों का कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि यूजीसी के नियमानुसार पुरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराई गई। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पीजीडीन प्रो. जी.एम. मेहता, रजिस्ट्रार तरूण श्रीमाली, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह , डॉ. भवानीपाल सिंह, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. हीना खान, डॉ. निरू , डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. जयसिंह जोधा, डॉ. उदयभान सिंह, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. शिल्पा कंठालिया सहित परीक्षा से जुडे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाताओं से लोकतंत्र में भागीदारी का आव्हान

**राजसमंद**, (निसं)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने सभी नागरिकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं को स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार और आस-पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एडीएम और उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा एवं एसडीएम बृजेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया गया तथा नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है और प्रत्येक मतदाता का वोट बहुमूल्य होता है। समारोह के दौरान दिव्यांग मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं और नव मतदाताओं को सम्मानित करते हुए उन्हें ईपिक कार्ड वितरित किए गए। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार समारोह स्थल पर सेल्फी स्टैंड और सिग्नेचर वॉल की व्यवस्था भी की गई, जहां सैकडों छात्र-छात्राओं, ईएलसी सदस्यों, जिला स्तरीय अधिकारियों, स्काउट्स, गणमान्य नागरिकों और जिला स्तरीय टीम ने भाग लिया। अंत में कलक्टर ने सभी उपस्थित नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# मैराथन दौड़ को देखने उमड़े शहरवासी

■ आमजन के सहयोग व समन्वित प्रयासों से ही दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव : कलक्टर

**राजसमंद**, 25 जनवरी। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह (परवाह) के तहत सडक सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, एनएचएआई, टोल प्लाजा प्रबंधन और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विशाल मैराथन दौड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मैराथन दौड की शुरुआत नौ चौकी पाल से हुई जिसे जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा और एसपी मनीष त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिभागियों ने किशोर नगर, जल चक्की, पुराना बस स्टैंड से होते हुए बालकृष्ण विद्याभवन राउमावि तक दौड पूरी की। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों ने नारे लगाकर सडक सुरक्षा का संदेश दिया।

दौड के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, स्टूडेंट्स, खिलाडी एवं स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं आदि ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीनाथजी उदयपुर टोलवेज के प्रोजेक्ट हेड जयनंदन मिश्रा ने सडक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नलों के पालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि नेगडिया टोल केंद्र पर 29 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। बालकृष्ण विद्याभवन राउमावि में मैराथन के समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक, एसडीएम बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एसपी मनीष त्रिपाठी ने आमजन से अपील की कि वे सडक पर सतर्कता बरतें, नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकें।

